दौसा विजन–2030

जिले के वर्तमान संसाधनों का आंकलन कर भावी आवश्यकताओं के साथ सामजंस्य बनाने के प्रयास के क्रम में तैयार योजना **विजन–2030** में विभिन्न नागरिक सेवाओं का समावेष किया गया है । जिनको समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने की कार्य योजना तैयार की गई है । वर्ष 2030 तक की अनुमानित जनसंख्या एवं मानवीय आवश्यकताओं को मध्यनजर हुए उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग कर वर्ष 2030 की मांग एवं आपूर्ति का प्रारूप तैयार किया गया है । **विजन–2030** का उद्देष्य चरणबद्ध तरीके से योजना का क्रियान्वयन करना है जिससे नागरिक सुविधाओं का आवष्यकतानुसार विकास हो सके । **विजन–2030** में विकास की योजनाओं में सभी विभागों की सहभागिता सुनिष्चित करने के लिए भावी योजनाओं का प्रारूप विभागवार संकलित किया गया है जिससे समन्वित विकास के प्रारूप का क्रियान्वयन संभव हो सके ।

पेयजल आपूर्ति

दौसा शहर जिला मुख्यालय जयपुर से लगभग 52 किमी दूर पूर्व दिशा में मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग 11 पर जयपुर–भरतपुर **"स्वर्णिम त्रिकोण"** पर स्थित है। शहर की पेयजल व्यवस्था जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पाईप्ड जलयोजना के माध्यम से की जा रही है। जिसके पेयजल स्त्रोत मुख्यतः होदायली – बाणगंगा नदी क्षेत्र में है जो कि यहां से लगभग 15 किमी दूर है। शहर की जनसंख्या लगभग 61601 है । दौसा जिले में नगरपालिका है जो कि 35 वार्डों में बंटी हुई है। पेयजल सप्लाई की दृष्टि से कस्बे को 6 जोन में विभाजित किया हुआ है।

भू–जल के अतिदोहन एवं कम वर्षा से प्रभावित होने के कारण जल स्तोत्रों की आवक क्षमता में निरन्तर कमी हो रही है। वर्तमान में 27 नलकूपों से 50 लाख लीटर जल उत्पादन कर 50 एलपीसीडी से क्षैत्र में पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

विजन 2030 को ध्यान में रखकर जनगणना का आंकलन वर्तमान जनसंख्या 61601 से बढकर शहरी क्षेत्र में 127504 होने की संभावना है तथा वर्ष 2030 की आबादी में समीप के निम्न गांवों के भी शामिल होने की संभावना है। इन्हीं संभावनाओं के आधार पर 2030 की कुल आबादी की गणना निम्नानुसार की जा सकती है।

ग्राम का नाम	आबादी	सम्भावित आबादी 2030
शहर दौसा	61601	127504

दलेलपुर	174	360
जीरोताकलां	460	952
रूंगली	33	68
रायपुर	129	267
मोडपट्टी	84	174
हरीपुरा	657	1360
बाढ दौसा	215	445
महेश्वरा खुर्द	1567	3243
बीसलवास	276	571
चैक दौसा	350	724
गणेशपुरा	489	1012
डगलाव	103	213
दौसाखुर्द	792	1639
कुल योग	**66930**	**138532**

कस्बे की 2030 की सम्भावित आबादी के अनुसार जल मांग 135 एलपीसीडी 15 प्रतिशत अन–अकाउटेंड वाटर जोडते हुए 155 एलपीसीडी सेवा स्तर के अनुसार 25.33 एमएलडी रहेगी। वर्तमान में कस्बे का जल उत्पादन मात्र 5 एमएलडी ही है जो कि आने वाले 10 वर्षों में नगण्य रह जावेगी। इस प्रकार 25.33 एमएलडी की पूर्ति के लिए वरिष्ठ भू–जल वैज्ञानिक की राय के अनुसार बाण गंगा नदी क्षेत्र में पानी उपलब्ध नहीं रहेगा। जल व्यवस्था के रूप में सतही स्त्रोत ईसरदा बांध एवं चम्बल नदी से पानी लाना ही एक मात्र विकल्प होगा। जिसकी अनुमानित लागत राशि रूपये 315.00 करोड होगी। इस योजना को अंतिम रूप देने के लिए श्री ए.के. मिश्रा, सदस्य सचिव, केन्द्रीय योजना आयोग, भारत सरकार की अगुवाई एवं प्रमुख शासन सचिव, आयोजना, राजस्थान सरकार की उपस्थिति में कलेक्टर, दौसा की मौजूदगी में दौसा में विस्तार से चर्चा कर इस पर कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया था । इस योजना का लागत सार निम्न प्रकार होगा –

क्र0सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत करोड में

1	सतही जल स्त्रोत पर इंटेवैल का निर्माण	50.00
2	ईसरदा बांध क्षेत्र पर पम्प हाउस एवं स्टोरेज आदि कार्य	10.00
3	ईसरदा बांध क्षेत्र से शहर दौसा तक मध्यवर्ती पम्पिंग स्टेशनों का कार्य मय स्टोरेज	15.00
4	ईसरदा बांध क्षेत्र से शहर दौसा तक राईजिंग मैन पाइप लाइन का कार्य मय स्टोरेज	100.00
5	शहर दौसा के समीप फिल्टर की स्थापना का कार्य	50.00
6	शहर दौसा की स्टोरेज क्षमात का संवर्धन कार्य	10.00
7	शहर दौसा की वितरण पाईप लाईनों का विस्तार कर्य	10.00
8	पम्प हाउसों पर जीएसएस की स्थापना व विद्युतीकरण का कार्य	50.00
9	अन्य सिविल कार्य	5.00
	योग	300.00
	कन्टीजेंसी 5 प्रतिशत	15.00
	कुल योग	315.00

दौसा जिले का पेयजल परिदृश्य 2030

दौसा जिले में 5 शहरी योजनाएं हैं, जिनकी 2031 के लिये अभिकल्पित जनसंख्या और मांग निम्नानुसार रहेगी।

क्र. सं.	शहरी योजना का नाम	अभिकल्पित जनसंख्या					वर्तमान मांग एमएलडी		
		2001	वर्तमान	2016	2026	2030	वर्तमान एमएलडी	2026	2030
1	बांदीकुई	51527	63205	73316	93110	105214	6.32	14.41	16.29
2	बसवा	18852	23125	26825	34067	39177	2.31	5.27	6.04
3	दौसा	610601	75562	88282	112725	127504	7.56	17.36	17.68
4	लालसोट	28249	34651	40195	51047	58704	3.47	7.9	8.99
5	महवा	19564	23998	27837	35352	40654	2.4	5.4	6.2
	योग	179793	220541	256455	326301	371253	22.06	50.34	55.2

वर्तमान में उक्त सभी शहरी योजनाएं भूजल पर आधारित हैं। वर्तमान में उक्त योजनाओं की कुल मांग 22.06 एमएलडी है जिसके विरूद्ध कुल 12.8 एमएलडी जल उत्पादन 103 नलकूपों द्वारा किया जा रहा है और वर्तमान में भी 9.26 एमएलडी की कमी है एवं औसत जल सेवा स्तर 50 प्रतिशत ही है। वर्ष 2031 में जल सेवा स्तर 135 एलपीसीडी मानते हुय कुल मांग 57.25 एमएलडी रहेगी। पर्याप्त वर्षा

नहीं होने एवं अंधाधुध दोहन के कारण जल स्तर प्रति वर्ष नीचे जा रहा है एवं पूरा क्षेत्र डार्क जोन में आ गया है यदि इसी गति से दोहन चलता रहा तो वर्ष 2031 तक पेयजल हेतु भूजल उपलब्ध नहीं रहेगा एवं पेयजल की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो जायेगी। इस हेतु 2031 तक पेयजल आपूर्ति सतही स्त्रोत पर आधारित रहेगी जिसके लिए चम्बल नदी पर इसरदा बांध से पानी लाना प्रस्तावित है।

ग्रामीण क्षेत्रों का 2030 का पेयजल परिदृश्य

क्र.सं.	तहसील	अभिकल्पित जनसंख्या			वर्तमान मांग एमएलडी	
		2001	2011	2030	वर्तमान एमएलडी	2030
1	बसवा	266688	324520	538709	10.6	21.2
2	दौसा	271554	330620	548539	10.84	21.6
3	लालसोट	250573	3055000	506157	10	20.24
4	महवा	181366	220820	366359	7.2	14.64
5	सिकराय	211689	257420	427611	8.4	17.08
	योग	1181870	4188380	2387375	47.04	94.76

वर्तमान में 47.00 एमएलडी मांग की पूर्ति हेतु 343 नलकूप एवं 10973 हैण्ड पम्प कार्यरत हैं एवं पूर्ण जलापूर्ति भूजल पर आधारित है, लेकिन कम वर्षा एवं अति दोहन के कारण पूरा ग्रामीण क्षेत्र डार्क जोन की स्थिति में आ गया है। 2031 तक पेयजल हेतु भूजल उपलब्ध नहीं रहेगा। इसलिए 2031 तक पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सतही स्त्रोतों पर आधारित योजनाओं की आवश्यकता होगी। इस प्रकार पूर्ण जिले की 2031 की जनसंख्या (2387375 ग्रामीण + 371253 शहरी) कुल 2758628.00 के लिये कुल मांग 172 एमएलडी रहेगी जिसकी पूर्ति हेतु इसरदा बांध अथवा चंबल नदी से पानी लाना प्रस्तावित किया है। इन प्रस्तावों की कुल लागत लगभग 360.00 करोड रूपये आने की संभावना है।

सुजलाम् – जिले के कई क्षेत्रों में जल स्तर चिन्ताजनक गहराने से इन्हें डार्क जोन में शामिल किया जा चुका है । जल के सदुपयोग कृषि कार्य में वैज्ञानिक तरीके से प्रयोग एवं वर्षा जल पुनर्भरण हेतु जिले में कई कार्यक्रम किये गये हैं । "**सुजलाम्**" यह प्रयास शिक्षा विभाग के माध्यम से स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग से वर्षा जल पूर्णभरण चेतना हेतु प्रारम्भ किया गया । जुलाई,2010 तक 200 जल पुनर्भरण संरचना बनाने का लक्ष्य है । जिसमें 10 स्थानों पर कार्य प्रारम्भ हो चुका है । वर्ष 2030 तक शहर के सभी निर्माणों में वर्षा जल पुर्नभरण संरचना का निर्माण किये जाने का लक्ष्य है । कार्यक्रम के दौरान वर्षा जल पुनर्भरण संरचना से सम्बन्धित विधि के लिए गांवों एवं तहसील तथा कस्बों में पोस्टर से प्रचार–प्रसार किया गया । वर्षा जल संरक्षण हेतु संरचना का मॉडल बनाया गया जिसकी लागत न्यूनतम एवं यह प्रत्येक व्यक्ति द्वारा आसान तरीके से अपने घर में निर्माण करके किया जा सकता है । **सुजलाम् वर्षा जल पुनर्भरण संरचना का मॉडल** निम्नानुसार है :–

सुजलाम्

छत पर गिरे वर्षा जल को निम्नुसार एकत्रित कर एक फिल्टर पिट में लाया जायेगा जिसमें लगी स्टील जाली व नीचे बिछाई मोटी बजरी से बारीक अशुद्वी का शुद्वीकरण होकर साफ पानी एक 3–4 फीट व्यास के बने 20फीट से 28 फीट गहरे शाफ्ट में गिरेगा शाफ्ट के पेदें में 5 इंच मोटा व 40–50 फीट गहरा एक बोर किया जायेगा जिसमें ग्रवेल, मोटी रोड़ी , व बजरी भर दी जाएगी ताकि छत का वर्षा जल सीधे ही धरती के अन्दर पहुंचाया जा सके जिसमें जल स्तर ऊपर आएगा



भवन क्षेत्रफल 100 से 300 वर्गमीटर

विद्युत आपूर्ति

दौसा शहर में वर्ष 2010 की आवश्यकता के अनुरूप विद्युत वितरण की व्यवस्था की हुई है । बढती हुई मानवीय आवश्यकताओं, जनसंख्या,औद्योगिक विकास,सांस्थानिक एवं औद्योगिक इकाईयों में विद्युत की बढी हुई अनुमानित आवष्यकता का समावेष विजन–2030 में किया गया है । षहर की वर्तमान विद्युत आवष्यकता 2.60 लाख यूनिट प्रतिदिन है जो वर्ष 2030 में 11.15 लाख प्रतिदिन अनुमानित है । मांग एवं आपूर्ति प्रबन्धन एवं बेहतर उपभोक्ता संतुष्टि के लिए वर्ष 2030 तक 33 के.वी. लाईन को 70 कि.मी. 11 के.वी लाईन 70 कि.मी. एमटी लाईन 530 कि.मी. की आवष्यकता होगी ।

विद्युत की वर्तमान मांग एवं आपूर्ति में असमानता है जिससे जिले को अभी 61500 केवीए की आवष्यकता के स्थान पर 32241 केवीए विद्युत यूनिट ही प्राप्त हो रही है । विजन–2030 में प्रस्तावित आवष्यकता की पूर्ति एवं उपभोक्ता संतुष्टि के लिए कार्य योजना बनाई गई है जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

वर्तमान स्थिति	विजन 2030	
दौसा शहर के लिए सन 2031 की आबादी व क्षेत्रफल के अनुसार बिजली की आपूर्ति करने हेतु आवश्यक संसाधनों का विवरण		
विद्युत उपचौकियों एवं लाईनों का विवरण	स्थापित क्षमता वर्तमान–2010	प्रस्तावित क्षमता –2030
22 / 132 केवी उपचौकी	12 एमवीए	75 एमवीए
33 / 11 केवी उपचौकी	1 X 5 एमवीए त्र 5 एमवीए	4 X 5 एमवीए त्र 20 एमवीए
	1 X 3-15 एमवीए त्र 3.15 एमवीए	
	2 X 1-6 एमवीए त्र 3.2 एमवीए	
	कुल 11.35 एमवीए	कुल 20 एमवीए
33 केवी लाईन	20 किमी (उपरी लाईन)	70 किमी (U/G केबल)
11 केवी लाईन	130 किमी (उपरी लाईन)	70 किमी (U/G केबल)
एम टी लाइ्रन	240 किमी (उपरी लाईन)	530 किमी (U/G केबल)
ऊर्जा खपत	2.60 लाख युनिट प्रतिदिन	11.15 लाख युनिट प्रतिदिन
वितरण ट्रांसफार्मर कव विवरण		
630 केवीए	03 X 360 केवीए = 1890 केवीए	
315 केवीए	02 X 315 केवीए = 630 केवीए	
250 केवीए	22 X 250 केवीए = 5500 केवीए	55 X 250 केवीए = 12500 केवीए

160 केवीए	25 X 160 केवीए = 4000 केवीए	1000 X 160 केवीए = 16000 केवीए
100 केवीए	102 X 100 केवीए = 10200 केवीए	330 X 100 केवीए = 33000 केवीए
63 केवीए	92 X 63 केवीए = 5796 केवीए	
40 केवीए	45 X 40 केवीए = 1800 केवीए	
25 केवीए	97 X 25 केवीए = 2425 केवीए	
कुल	**32241 केवीए**	**61500 केवीए**

वर्ष 2030 तक विकास की विभिन्न योजनाओं की कियान्विति एवं नागरिकों की बदलती जीवन शैली एवं आधुनिक तकनीकी के प्रयोग से विद्युत उपभोग में अप्रत्याशित बढोतरी की संभावना है । जिले की बढी हुई विद्युत मांग को अन्य स्त्रातों यथा– सौर उर्जा, पवन उर्जा आदि से पूर्ति किया जाना प्रस्तावित है । इसके लिए जिले में विभिन्न स्थानों को चिन्हित करने हेतु कार्य योजना बनाई जायेगी एवं इस परियोजना में निजी सहभागिता से पूर्ण करवाने का प्रयास किया जायेगा ।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं

दौसा जिले के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान करने हेतु जिले में वर्तमान में निम्नानुसार स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध हैं। जिला चिकित्सालय –1, टी.बी. क्लिनिक–1, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र – 8, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–29, उप स्वास्थ्य केन्द्र–237 हैं। इसके अलावा जिले में 1174 आशा बहिनों की नियुक्ति राष्टीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत की गयी है। जिले के स्वास्थ्य सूचक के विभिन्न बिन्दु निम्न प्रकार है।

क्र.सं.	स्वास्थ्य सूचक	अंक
1	आई.एम.आर.	63
2	एम.एम.आर.	370
3	गर्भवती महिलाओं को कम से कम 1 टी.टी. का टीका लगा	74.1 प्रतिशत
4	संस्थागत प्रसव	62.2 प्रतिशत
5	सम्पूर्ण टीकाकरण	66.4 प्रतिशत
6	गर्भ निरोधक संसाधन का उपयोग	51.1 प्रतिशत

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की शुरूआत राजस्थान में मई 2005 में हुई थी। दौसा जिले में भी इस परियोजना अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का बेहतर संचालन किया जा रहा है। विजन 2030 को ध्यान में रखते हुए निम्नानुसार योजनाएं प्रस्तावित हैं :–

क्र.स.	गतिविधि	2010 की वर्तमान स्थिति	2020में प्रस्तावित	2030 में प्रस्तावित
1	जनसंख्या	1624475	2014349	2497792
2	जिला अस्पताल	1	1	1
3	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र	8	10	12
4	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र	29	40	48
5	सब सेन्टर	237	400	480

विजन 2030 योजना के सफल क्रियान्विति के लिए जिले के विभिन्न शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निम्न योजनाएं प्रस्तावित हैं :

जिला स्तर :

प्रस्तावित			
	2010	**2020**	**2030**
जिला चिकित्सालय	200 बैड	300 बैड	500
सैटैलाईट हॉस्पिटल	–	–	30 बैड सैंथल चौराया (सिविल लाईन से लगता हुआ)
डिस्पेंसरी	–	1. कृषि उपजमंडी क्षेत्र/हाउसिंग बोर्ड 2. सैंथल चौराहा	डिस्पेंसरी – (1) मोदी का तिबारा, गिरिराजधरण मंदिर

नगरपालिका क्षेत्र :–

प्रस्तावित			
	2010	**2020**	**2030**
सा.स्वा.केन्द्र बांदीकुई	50 बैड	100 बैड (मय बर्न यूनिट एवं आईसीयू)	150
सिटी डिस्पेंसरी		6 बैड कुटी	12

ट्रोमा			2
एफबीएनसी	6 बैड	20 बैड	
एमटीसी	—	6 बैड	12 बैड
रिहेबिलिटेसन	—	—	10 बैड

लालसोट :— ,

	प्रस्तावित		
	2010	2020	2030
सा.स्वा.केन्द्र लालसोट	30 बैड	75 बैड (मय बर्न युनिट एवं आईसीयू)	100 बैड (मय बर्न युनिट एवं आईसीयू)
सिटी डिस्पेंसरी		6 बैड सवाई माधोपुर, गंगापुर तिराहा	6 बैड कौथून रोड, जमात एरिया
ट्रोमा		10 बैड कौथून रोड	
एफबीएनसी	6 बैड	20 बैड	
एमटीसी	—	6 बैड	12 बैड
रिहेबिलिटेसन	—	—	10 बैड

महुवा :—

	प्रस्तावित		
	2010	2020	2030
सा.स्वा.केन्द्र महवा	30 बैड	75 बैड (मय बर्न युनिट एवं आईसीयू)	100 बैड (मय बर्न युनिट एवं आईसीयू)
ट्रोमा		12 बैड	15 बैड
एफबीएनसी	6 बैड	12 बैड	

एमटीसी	—	6 बैड	12 बैड
रिहेबिलिटेसन (पुनर्वास केन्द्र)	—	10 बैड	—

सिकराय :—

	प्रस्तावित		
	2010	2020	2030
सा.स्वा.केन्द्र सिकराय	30 बैड	50 बैड (मय आईसीयू)	
एफबीएनसी		6बैड	

<u>प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से सामुदायिक स्वा. केन्द्र में क्रमोन्नत</u>

	प्रस्तावित	
	2020	2030
ब्लॉक दौसा	नॉगल राजावतान 30 बैड	
ब्लॉक बांदीकुई	बसवा 30 बैड	
लालसोट		रामगढ पचवारा 30 बैड
महवा		खेडला 30 बैड

उप स्वा. केन्द्र से प्राथमिक स्वा. केन्द्र में क्रमोन्नत

	प्रस्तावित	
	2020	2030
ब्लॉक दौसा (ग्रामीण)	➢ जिरोता खुर्द मोड ➢ खवारावजी ➢ कालाखो	चांदराना
बांदीकुई	➢ आभानेरी ➢ करनावर	➢ गुढलिया ➢ बेजूपाडा ➢ धनावड
सिकराय	➢ बहरावन्डा ➢ गेरोटा	➢ गांगदवाडी

लालसोट	➢ खटुम्बर ➢ टमराबाद	➢ देवली
महवा	➢ पाटोली (बालाजी मोड)	➢ सालमपुर

नये उप स्वा. केन्द्र

	प्रस्तावित	
	2020	**2030**
दौसा	नांगलचापा, टोडरवास, चौरडी, कालेश्वर कला, उदाला, बैरावास, मोडापट्टी, जौण, चकजगरामपुरा, जयरामपुरा, मांगलवास, सीतारामपुरा, मोहनपुरा	बरखेडा, खेडली, लालपुरा कालीखाई, ठिकरिया, अभयपुरा, हिंगोटिया, बासना, रूढमल का बास, प्रेमपुरा, बढोली, निमाली
ब्लॉक बांदीकुई	झाझीरामपुरा, मूडघिस्या, हिंगोटा, अलियापाडा, अरवता बास, बिवाई, काटरवाडा, झांझया का बास, खारी की झोंपडी, खोडी, मोटुका, दिलावरपुरा	नांगल, अलीपुर, ढिगारिया कपूर, सुजानपाडा, पातरखेडा, केसरीसिंहपुरा, सोडाला, पामाडी, बडाबास, किरतपुरा, सोमाडा, बाडबगीची, आशापुरा, सब्डावली जयपुरा
सिकराय	रामगढ, मोहचिंगपुरा, ब्रहण बेराड, शेखपुरा छोंकरवाडा, पीपलीकी, घूमणा, जयसिंहपुरा, कालाखो, पाडली, झींझण, भण्डारी	धूलकोट, निकटपुरी, रामेडा, रायपुर, ब्राहम्ण, जोध्या, झरणा
महवा	टीकरी किलानौत, सारंगपुर कीर्ति नंगला, रींगसपुरा, शीश्वाहा, चूरखेडा बहडखो, नांगल सुमेर सिंह सिंकदरपुर नया गांव नांगलचारण मोहनपुरा	टहलडी, नोरंगवाडा, शहदपुर, भोपर शाहीपुर, रोंत, जनानपुर, खवदा, खानपुर, अलीपुर, अमसपुर
लालसोट	सलेमपुरा, राजौली, कोल्यावास, हामावास, खटूम्बर, खारां, रामसर, ढोला, कंवरपुरा, चादवास, गढ सम्मतरामपुरा, नौहरगदुरा लाडपुरा	किशोरपुरा, बिनोरी, अचलपुरा, कल्याणपुरा, श्रीरामपुरा, थलोज, बीलंका, जगनर, तूकान, श्रीया, चंछावास, अभयपुरा, बीजलवास, टोरडा शिव नन्दा, सोन्नदा, अजबपुरा, महाजापुरा, मठलाना, कुतुलवास, टुटीयावास, मोहममदपुरा, लाडी का बास

नगरपालिका क्षेत्र एवं नागरिक सुविधाएं

1. **परिचय** :– दौसा में नगरपालिका के गठन के बाद नगर के विकास में उत्तरोत्तर वृद्धि हुयी हैं। दौसा नगर सैंथल, जयपुर आगरा, अलवर आदि से सडक मार्ग से जुडा हुआ है तथा बडी रेलवे लाईन से जुडने पर जयपुर मुख्यालय के पास स्थित होने के कारण यहा पर विकास की असीम संभावना है एवं आने वाले समय में जनसंख्या का दबाव बढने की संभावना है । षहरी क्षेत्र में विकास एवं आवासीय विस्तार जयपुर आगरा रोड, लालसोट मार्ग के साथ साथ रेखीय प्रणाली से होना पाया गया। 2001 की जनगणना के आधार पर शहर की जनसंख्या 61601 अंकित की गई थी । जिला मुख्यालय घोषित होने के पष्चात् क्षेत्र में रीको औद्योगिक क्षेत्र अनाज मण्डी, राजस्थान आवासन मण्डल की आवासीय योजनाएं एवं वाणिज्यिक योजनाओं में शहरी विकास हुआ है। यातायात की सुगमता एवं जिला स्तरीय सुविधाओं की उपलब्धता के कारण शहर की जनसंख्या में वृद्धि प्रत्याषित है । अतः नगरपालिका के कार्यक्षेत्र में भविष्य की जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए विकास हेतु दौसा **विजन 2030** निम्न प्रकार से प्रस्तावित है।

वर्ष	जनसंख्या	सीवरेज (लीटर प्रतिदिन)	सोलिड वेस्ट(किलोग्राम में)
2011	98447	10632230	20674
2021	157331	16991713	33039
2030	218445	23592075	45873

2 **सीवर पानी का निकास** :– शहर की सीवर आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु नगर पालिका क्षेत्र में सीवर एवं गंदे पानी के निकास के लिए खुली नालियों की व्यवस्था है जो वर्तमान आवश्यकता के अनुरूप है। दौसा शहर में मुख्य रूप से नालियां खुली हुई हैं तथा अधिकतर स्थानों पर कचरों के द्वारा भर जाती हैं। जिसके कारण मानसून के दौरान पानी जगह–जगह पर रूक जाता है तथा सडकें एवं गलियों पर बहकर निकलता है। शहर की सीवर निकास की आवश्यकता विजन 2030 अनुसार बढाई जाएगी जिसमें नालियों का चौडा करने एवं उनकी लम्बाई बढाई जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में नालियों की व्यवस्था निम्न प्रकार है :–

क्र.सं.	नालियां	लम्बाई किलोमीटर में
1	पुरानी नालियां	5.25
2	नई नालियां	7.50
	कुल नालियां	12.72

रोड लाईट :– शहर में रात्रि के समय रोशनी की भरपूर व्यवस्था के लिए मुख्य मार्गो एवं गलियों में रोड लाईट की व्यवस्था की गई है जो वर्तमान आवश्यकताओं के लिए पूर्ण है। विजन 2030 के अनुरूप बढती हुई आबादी एवं बसावट को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त रोड लाईटों की व्यवस्था आवश्यकतानुसार की जाएगी। वर्तमान में शहर में रोड लाईटों का विवरण निम्न प्रकार है :–

क्र.सं.	रोड लाईट	प्रकार	क्षमता वाट में
1	615	सोडियम लाईट	250
2	416	सोडियम लाईट	150
3	664	सोडियम लाईट	70
4	1775	ट्यूबलाईट	40
5	4500	बल्ब	60
कुल संख्या	**7970**		

दौसा शहर में मुख्य मुख्य स्वीकृत रोड :– शहर के चहुमुंखी विकास के लिए शहर की विभिन्न क्षेत्रों में समय समय पर सडकों का निर्माण किया जाता है। वर्तमान में आवश्यकतानुसार निम्न सडकों के निर्माण की स्वीकृति एवं जिन पर कार्य किया जाना प्रस्तावित है।

क्र.सं.	**स्वीकृत मुख्य रोड**	**चौडाई (फीट में)**
1	दौसा बाईपास	200
2	जयपुर आगरा रोड	150
3	सैंथल रोड	100
4	भांखरी रोड	100
5	गुप्तेश्वर रोड	100
6	लालसोट रोड	100
7	महेश्रा रोड	100
8	मोडा का बालाजी रोड	100
9	गणेशपुरा रोड	80
10	गेटेलावा रोड	80

11	पंचायत समिति रोड	60
12	मण्डी रोड	60
13	फलसा वाला बालाजी रोड	60
14	बाबाजी की छावनी रोड	60
	औसत चौडाई	96.4

पार्किंग क्षेत्र :– शहर में दिनों दिन वाहनों की संख्या बढती जा रही है। वर्तमान में शहर में पार्किंग के लिए विभिन्न स्थान चिन्हित किये गए है जिससे वर्तमान समय की पार्किग आवश्यकता पूरी की जा रही है। विजन 2030 के अनुरूप पार्किंग को विकसित करने के लिए विभिन्न स्थानों को चिन्हित कर पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

क्र.सं.	**ऑटो पार्किंग**	**टैक्सी पार्किंग**
1	सिविंल लाईन मोड	सैंथल तिराहा
2	सैंथल क्रॉसिंग हाईवे	सोमनाथ तिराहा अरूण मोटर्स के पास
3	वन विभाग का कॉर्नर	रामकरण जोशी स्कूल के सामने
4	मिड वे तिराहा	संस्कृत स्कूल के सामने
5	पुलिस लाईन कॉलोनी के सामने	
6	बरकत तिराहा	
7	खादी बाग	
8	हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी	
9	बस डिपो के सामने शिव कॉलोनी	

पार्क और खुला क्षेत्र :– वर्तमान समय में दौसा शहर में आमोद प्रमोद के लिए खुला क्षेत्र एवं पार्क आवश्कता अनुरूप नही है। शहर में वर्तमान समय में पार्क एवं खुला क्षैत्र निम्न प्रकार है जिसका उपयोग नीचे दी गई सारणी में वर्णित है :–

क्र.सं.	पार्क	स्थान (वार्ड में)	सुविधाएं
1	बजरंग मैदान	6	सामाजिक सेवायें
2	मानक्लब	18	फुटबाल सुविधा
3	जय भवानी क्लब	11	फुटबाल सुविधा
4	पायलेट स्टेडियम	12	खेल–कूद सुविधा
5	नेहरू पार्क	7	आमोद–प्रमोद सुविधा
6	सिविल लाईन पार्क	1	आमोद–प्रमोद सुविधा
7	इन्द्रा कॉलोनी पार्क	21	प्रगति पर
8	आईडीएसएमटी पार्क	12	प्रगति पर

शहरी क्षेत्र में विभिन्न अतिआवश्यक सेवाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए निवेश की आवश्यकता है। विभिन्न क्षेत्रों में विकास की योजनाओं में होने वाले खर्च के अनुमानित आंकडे सूचीबद्ध किये गये है। योजनानुसार शहर में संसाधनों का विकास जन आंकाक्षाओं के अनुरूप करने के लिए आवश्यक निवेश निम्न प्रकार है :–

क्र. सं.	योजना	मात्रा	युनिट	लागत लाखों में	वर्षवार निवेश की आवश्यकता				
					2010–13	**2013–16**	**2016–19**	**2019–22**	**2022–30**
जल वितरण योजना									
1	दौसा शहर के लिए नई पाईप लाईन	92	किमी	828	24.4	207.0	165.6	165.6	41.4
2	ब्लक मीटर स्थापित	5	किमी	7.5		1.5	1.5	3.0	1.5
3	बावडियों का विकास	10	संख्या	20	4.0	4.0	4.0	4.0	4.0
4	दौसा शहर के सतही पानी के लिए योजना	30	संख्या	6	1.2	1.2	1.2	1.2	1.2

	योजना								
	कुल योग			**861.5**	**253.6**	**213.7**	**172.3**	**173.8**	**48.1**
सीवरेज कार्यप्रणाली									
5	नई सीवरेज कार्यप्रणाली	92	कि.मी.	1840	552.0	460.0	368.0	368.0	92.0
6	सार्वजनिक शोचालय	10	संख्या	100	30.0	50.0	20.0		
7	सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांन	23.6	एमएलडी	1179.6	553.9	589.8	235.9		
	कुल योग			**3119.6**	**935.9**	**1099.8**	**623.9**	**368.0**	**92.0**
मानसून के दौरान वर्षा के पानी की निकासी									
8	वर्षाती पानी की निकासी के लिए नई नालियों का निर्माण	186	किमी	1488	446.4	372.0	297.6	297.6	74.4
9	नालियों की सफाई के लिए आधुनीकरण उपकरण	अनुमानित		10	5.0	5.0			
10	स्वच्छता उपकरण	30	संख्या	3	0.9	0.8	0.6	0.8	
	कुल योग			**1501**	**452.3**	**377.8**	**298.2**	**298.4**	**74.4**
ठोस कचरा प्रबन्धन									
11	वेटब्रिज एट लैण्डफिल साईट	1	संख्या	2		2.0			

12	ट्रैक्टर ओर ट्रोली	4	संख्या	20	10.0	5.0	5.0		
13	ऑटोमेटिक रोड सफाई उपकरण	1	संख्या	7		7.0			
14	लीटर बिन्स (30 लीटर)	150	संख्या	4.5	2.3	2.3			
15	हाउस होल्ड बिन्स	7000	संख्या	21	10.5	5.3	5.3		
	कुल योग			**54.5**	**22.8**	**21.5**	**10.3**	**0.0**	**0.0**
रोड लाईट									
16	नई ट्यूबलाईट लगाना	6000		362.1		181.1	72.4	72.4	36.2
17	मानगंज क्षेत्र के आस–पास भूमि के अंदर बिजली केबिल बिछाना	अनुमानित		180			45.0	90.0	45.0
	कुल योग			**542.1**	**0.0**	**181.1**	**117.4**	**162.4**	**81.2**
सडको का निर्माण एवं यातायात की व्यवस्था									
18	आर.ओ.बी. (1 किमी)	1	किमी	400	200.0	200.0			
19	10 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था आवश्यकतानुसार	10000	वमर्गमीटर	95		38.0	28.5	19.0	9.5
20	ट्रैफिक सिगनल गांधी चौक	अनुमानित		3		3.0			
21	रोड सिग्नल सभी रोडों पर	52	किमी	26		10.4	7.8	5.2	2.6

22	सडकों का निर्माण व मरम्मत कार्य	408.1	किमी	408.1		61.2	163.2	81.6	102.0
23	शहर में नया बस स्टैण्ड स्थापित करना	अनुमानित		150		75.0	75.0		
	कुल योग			**1082.1**	**200.0**	**387.6**	**274.5**	**105.8**	**114.1**
खुला सुविधा क्षेत्र									
24	नये पार्कों का विकास	6		150	30.0	37.5	30.0	45.0	7.5
25	पार्कों में मनोरंजन सुविधाएं	8		32	8.0	16.0	8.0		
26	भारत स्काउट एवं गाईड के लिए सामुदायिक कॉम्पलेक्स का विकास, (चारदीवारी, विश्राम हाउस, मीटिंग हॉल, ऑफिस)	अनुमानित		250		125.0	125.0		
	कुल योग			**432**	**38.0**	**178.5**	**163.0**	**45.0**	**7.5**
शहर की वृद्धि एवं बाजारों का विकास									
27	थोक विक्रेताओं को शिफ्ट करना	अनुमानित		300	60.0	180.0	60.0		
	कुल योग			**300**	**60.0**	**180.0**	**60.0**	**0.0**	**0.0**
शहरी गरीब एवं हाऊसिंग योजना									
28	गरीब बस्तियों में 117 मकानों का निर्माण	117		117	23.4	93.5			

29	117 मकानों के लिए सुविधाएं	117	35.1	7.0	28.1				
	कुल योग			**152.1**	**30.4**	**121.4**	**0.0**	**0.0**	**0.0**
पर्यटक और विरासत संरक्षण									
30	एतिहासिक और धार्मिक सभी प्रकार की संरक्षणों की सूची	अनुमानित		2	2.0				
31	ऐतिहासिक धार्मिक अवेयरनेस कार्यक्रम	अनुमानित		5	2.5	2.5			
32	एतिहासिक धार्मिक संरक्षणों के मरम्मत कार्य	अनुमानित		100		25.0	25.0	25.0	25.0
33	मानगंज मण्डी रोड का विकास रोड सडक, विद्युत व्यवस्था फाउन्टेन और दरवाजों का पुनः निर्माण	अनुमानित		200		50.0	100.0	50.0	
34	महात्मा गाधी स्टेच्यू और चौक का विकास	अनुमानित		50		12.5	37.5		
	कुल योग			**357**	**4.5**	**90.0**	**162.5**	**75.0**	**25.0**
अरबन गवर्नेन्स									
35	नगरपालिका कर्मचारियों की ट्रेनिंग	अनुमानित		10		2.5	2.5	2.5	2.5
36	म्यूनीसिपल जीआईएस	अनुमानित		20		5.0	10.0	5.0	
37	वाटर सप्लाई	अनुमानित		10		2.5	5.0	2.5	
38	सम्पत्ति जीआईएस	अनुमानित		15		3.8	7.5	3.8	

	कुल योग			55	0.0	13.8	25.0	13.8	2.5

नगरीय विकास

विकास के नये आयाम :— दौसा जिले एवं शहर का समग्र त्वरित चहुमुखी विकास इसकी भौगोलिक स्थिति के कारण गति पकड रहा है जिसमें दौसा गंगापुर रेलवे लाईन का निर्माण प्रस्तावित, एजूकेशन हब जो स्पेशियल एजूकेशन जोन, के रूप में होगा और जो दिल्ली मुम्बई औद्योगिक कोरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाकर उन्हीं के अनुरूप निर्धारित मानदण्डों पर दौसा शहर एवं जिले को सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक रूप में विकसित किया जाकर इन क्षेत्रों में नये आयाम स्थापित करेगा। विकास के साथ–साथ शहर में जनसंख्या दबाव भी बढेगा जिससे विभिन्न मानवीय आवश्यकताओं की मांग में भी बढोतरी होगी। नगरीय विकास में निम्न लिखित योजनाऐ प्रस्तावित है:—

1. **<u>जयपुर का सैटेलाइट टाउन – दौसा</u>**

दौसा राजस्थान की राजधानी जयपुर से मात्र 52 किमी की दूरी पर स्थित होकर समीपस्थ होने से जयपुर के सेटेलाईट टाउन के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक निर्धारित शैक्षणिक औद्योगिक एवं व्यापारिक व सामाजिक एवं सांस्कृतिक उच्चस्थ मानदण्ड की पूर्ति कर किया जा सकता है। दौसा जयपुर से समीपस्थ जिला मुख्यालय है अन्य बडे शहर मुख्यालय जैसे सीकर टोंक अजमेर किशनगढ कोटपूतल 100 किलोमीटर की परिधि में हैं। जयपुर के बढते हुए आबादी घनत्व को कम करने के लिए दौसा को सेटेलाईट टाउन के रूप में विकसित करने के लिए जो आवश्यक आधारभूत सुविधायें हैं उनका विकास कर जयपुर की बढती हुयी आबादी घनत्व की समस्या को काफी हद तक सुलझाया जा सकता है।

2. **<u>एज्यूकेशन हब दॉ स्पेशियल इकोनोमिक जोन (सेज)</u>**

जिले में पहली बार लगभग 15000 बीघा राजकीय भूमि का लैण्ड बेंक बनाकर राज्य सरकार को प्रेषित कर निवेदन किया गया है कि इसको एजूकेशन कोरिडोर के काम में लिया जाये । जिले में पांच मॉडल स्कूल दिये गये हैं।

3. **दौसा आवागमन** :— दौस, जयपुर–आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग एचएन 11 पर स्थित है राज्य के अन्य राष्ट्रीय राजमार्गो से निम्न प्रकार जुडा हुआ है :—

रा.रा.मार्ग नम्बर	नाम	दूरी (राज्य के भीतर के0मी0 में)
एनएएच 11	आगरा–भरतपुर–दौसा–जयपुर–सीकर–चूरू–बीकानेर	भरतपुर–करौली–दौसा–जयपुर–सीकर–चूरू–बीकानेर
एनएच 11 ए	दौसा–मनोहरपुर–वाया घटवाडी	दौसा–जयपुर
एनएच 11 ए	दौसा–लालसोट–कोथून	दौसा–टोंक
एनएच 11बी	लालसोट, गंगापुर–करोली,–धोलपुर	दौसा–धोलपुर–करोली–सवाईमाधोपुर

4. **स्टोन शिल्पग्राम** :– इसके अतिरिक्त गीजगढ, पीचूपाडा, कुढकटला, बैराउण्डा कैलाईरानोली आदि स्थानों पर भी उक्त कार्य किया जाता है। वर्तमान में सैण्ड स्टोन कार्विंग काय्र में लगभग 300 इकाइयां कार्यरत हैं। सैण्ड स्टोन के मुख्य उत्पाद जाली, खम्भे, फूलदान, लैम्प, जानवरों की आकृति, दरवाजे मंदिर, मूर्तियां एवं सजावटी सामान आदि है। इन उत्पादों का विदेशों में निर्यात किया जा रहा है। घरेलू बाजार एवं विदेशी बाजारों की बढती हुई मांग के अनुसार तथा जिले की बढती हुयी आधारभूत सुविधाओं के कारण सैण्ड स्टोन कार्विंग के उद्योग तेजी से स्थापित होंगे। सैण्ड स्टोन इकाईयों को एक जगह स्थापित किये जाने के उद्देश्य से सिकन्दरा के नजदीक गिरधरपुरा में स्टोन पार्क स्थापित किया जा रहा है। पार्क स्थापित होने से बडी इकाईयों स्थापित होंगी। विदेशी निर्यात को बढावा मिलेगा। ग्रेथ्पोल मेघा हाईवे से एवं एनएच 11 फोरलेन एवं रेलवे लाईन के दोहरीकरण सभी के माध्यम से इस धंधे का तेजी से विकास होगा।

स्टोन शिल्पग्राम किशनगढ मार्बल हब की तर्ज पर विकसित किया जायेगा जो कोर्डिनेशन ऑफ सेन्टर फोर डवलपमेंट ऑफ स्टोन्स (C-DOS) एण्ड रीको के सहयोग से विकसित किया जायेगा।

5. **दिल्ली–मुम्बई इण्डस्ट्रियल कोरिडोर** :– जयपुर–दौसा को दिल्ली–मुम्बई इण्डस्ट्रियल कोरिडोर के एक पार्ट के रूप में चिन्हित किया गया हैं जैसे कि किशनगढ अजमेर औद्योगिक क्षेत्र। दौसा को ग्वारगम, फल सब्जी तेल एवं कपास की अधिकतम पैदवार प्राप्त होने के रूप में भी विकसित किया जा रहा है जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

नोड–8, जयपुर दौसा औद्योगिक क्षेत्र (IR)

सामग्री (कम्पोनेंट)	जयपुर दौसा (IR-Min. 100 sqkm)
नोड नम्बर	8
इन्टग्रेटेर लोजिस्टिक अब/पार्ट/टर्मीनल/ट्रक टर्मीनल	ट्रक टर्मीनल+वेयर हाउस
एयरपोर्ट डवलपमेंट (हवाई अड्डा)	जयपुर
रेलवे लाईन	जयपुर–आगरा बीजी लिंग
फीडर रोड्स	एचएन 11

6. मास्टर प्लान दौसा–लालसोट–बांदीकई

दौसा जिले मुख्यतः तीन बडे शहरी क्षेत्र हैं दौसा–लालसोट–बांदीकुई। वर्तमान में दौसा मुख्यालय के आस पास की जनता के लिए आर्थिक सम्बल का केन्द्र होने के साथ साथ लोगों के रोजगार एवं शिक्षा का मुख्य केन्द्र है। दौसा के भौतिक विकास के लिए 2011 तक का मास्टर प्लान निर्मित है वर्तमान में भविष्य की सभांवनाओं का आंकलन करते हुए मास्टर प्लान 2030 टाउन प्लानिंग विभाग द्वारा बनाकर राज्य

सरकार को भिजवाया गया है। जिसमें 21 नये राजस्व गांव शामिल किये गये हैं। इसी प्रकार मास्टर 2030 बांदीकुई व लालसोट के लिए भी तैयार किया जा रहा है। नगरीय विकास विभाग,राजस्थान सरकार,जयपुर द्वारा अधिसूचना दिनांक 25.5.2010 के द्वारा राजस्थान नगर सुधार अधिनियम,1959 (अधिनियम संख्या 35/1959) की धारा 3 की उपधारा 1 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दौसा जिले के 21 राजस्व ग्रामों को सम्मिलित करते हुए अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक (मास्टर प्लान) राजस्थान,जयपुर को दौसा नगर के नगरीय क्षेत्र में सम्मिलित कर, सिविक सर्वे करने एवं क्षतिज वर्ष 2031 का मास्टर प्लान तैयार करने हेतु नियुक्त किया है ।

दौसा क्षेत्रीय डवलपमेंट ऑथोरिटी

दौसा की जयपुर मुख्यालय से समीपता को देखते हुए दौसा को जयपुर के एक सैटेलाईट टाउन के रूप में विकसित करने की दृष्टि से प्रस्तावित टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग के अंतर्गत दौसा में दौसा **क्षेत्रीय डवलपमेंट ऑथोरिटी** के गठन का प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा इस प्रस्ताव का परीक्षण करवाया जा रहा है । दौसा को प्राधिकरण की अनुमति प्राप्त होते ही दौसा जिले की भावी आवश्यकताओं को देखते हुए दौसा का मास्टर प्लान भी प्रस्तावित किया जावेगा ।

दौसा शहर के लिए आवासीय योजनाएं, सांस्थानिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों का विकास एवं दौसा शहर को राजधानी से जोडने के लिए मोनो रेल एवं मेट्रो ट्रेन की संभावना की तलाश भी की जावेगी जिससे जयपुर शहर पर बढता आबादी का दबाव कम हो सके । दौसा शहर को अन्य कस्बो एवं बडे शहरों से जोडने की योजना को भी मूर्तरूप दिया जावेगा ।

दौसा क्षेत्रीय डवलपमेंट ऑथोरिटी के गठन के पश्चात् दौसा एवं जयपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11 के दोनों ओर विभिन्न प्रकार की आवासीय योजनाओं का विकास किया जाएगा । इन आवासीय योजनाओं में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं पिछडे वर्गो के लिए विशेष आवासीय भूखण्डों की व्यवस्था की जावेगी जिससे वर्ष 2030 तक जिले के सभी कमजोर एवं पिछडे वर्गो के साथ–साथ अनुसूचित जाति एवं जन जाति एवं घूमन्तू परिवारों का भी पुर्नवास हो सकेगा । इससे घूमन्तू परिवारों के समाज प्रस्तावित विकासोन्मुखी योजनाओं का लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा से जुडे जायेंगे ।

औद्योगिक विजन – 2030

दौसा जिले का औद्योगिक विकास आने वाले समय में द्रुतगति से होगा। दौसा के औद्योगिकीकरण को गति प्रदान करने के प्रमुख कारण है ग्रोथ पोल योजना, स्टोन पार्क, कालीन पार्क, औद्योगिक क्लस्टर विकास, मार्केटिंग हेतु स्थाई विपणन केन्द्र ग्रामीण हाट, एनएच 11 का फॉरलेनिंग, मेघा हाईवे एवं गंगापुर रेलवे लाईन तथा प्रस्तावित शैक्षणिक हब प्रमुख हैं।

1. **ग्रोथपोल योजना** :

ग्रोथपोल योजना भारत सरकार की योजना है। ग्रोथपोल योजना का उद्देश्य दौसा जिले के सिकन्दरा फोकस पॉइन्ट मानते हुए 15 से 20 किमी की परिधि क्षेत्र में ढांचागत विकास कर विभिन्न गतिविधियों को विकसित करना है। असंगठित क्षेत्र के उद्यमियों के लिए राष्ट्रीय आयोग (National Commission Enterprises of unorganized Sector) द्वारा देश में स्वीकृति 04 ग्रोथपोल में से एक है। ग्रोथपोल योजना को लागू करने हेतु क्षेत्र का विस्तृत इकोनोमिक सर्वे एवं प्लान तैयार किया गया है जिसके तहत स्टोन, कारपेट, लेदर , पर्यटन दरी उद्योग खद्दय क्षेत्र ब्रास उद्योग लकडी सेक्टर पर एनसीईयूएस भारत सरकार राजस्थान सरकार एवं अन्य संस्थाओं द्वारा 28868 लाख रूपये व्यय किये जायेंगे। प्रोजेक्ट क्रियान्वित अवधि 5 वर्ष में ग्रोथपोल योजना में 5.00 लाख व्यक्ति लाभान्वित होंगे। इससे इस क्षेत्र का समग्र विकास होगा एवं सिकन्दरा एक बडे ट्रेड सेन्टर के रूप में विकसित होगा।

वर्ष	निवेश	रोजगार (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष)
2030	28868 लाख	5 लाख

2. **स्टोन पार्क** :–

जिले में सैण्ड स्टोन कटिंग एवं कार्विंग का कार्य एनएच 11 के दोनों ओर सिकन्दरा से मानपुर तक विकसित है। इसके अतिरिक्त गीजगढ, पीचूपाडा, गुढाकटला, बैराउण्डा कैलाईरानोली आदि स्थानों पर भी उक्त कार्य किया जाता है। वर्तमान में सैण्ड स्टोन कार्विंग कार्य में लगभग 300 इकाइयां कार्यरत हैं। सैण्ड स्टोन के मुख्य उत्पाद जाली, खम्भे, फूलदान, लैम्प, जानवरों की आकृति, दरवाजे मंदिर, मूर्तियां एवं सजावटी सामान है। इन उत्पादों का विदेशों में निर्यात किया जा रहा है। घरेलू बाजार एवं विदेशी बाजारों की बढती हुई मांग के अनुसार तथा जिले की बढती हुयी आधारभूत सुविधाओं के कारण सैण्ड स्टोन कटिंग के उधोग तेजी से स्थापित होंगे। सैण्ड स्टोन इकाईयों को एक जगह स्थापित किये जाने के उद्देश से सिकन्दरा के नज़दीक गिरधरपुरा में स्टोन पार्क स्थापित किया जा रहा है। पार्क स्थापित होने से बडी इकाईयों स्थापित होंगी। विदेशी निर्यात को बढावा मिलेगा। ग्रेथपोल मेघा हाईवे से एवं एनएच 11 फोरलेन एवं रेलवे लाईन के दोहरीकरण सभी के माध्यम से इस धंधे का तेजी से विकास होगा।

वर्ष	स्थापित इंकाईयां	निवेश	रोजगार (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष)
2010	300	35 करोड	12000
2030	1250	125 करोड	42000

3. **कालीन पार्क** :–

दौसा जिले में भाण्डारेज ग्राम में स्थापित होने वाला कालीन पार्क भारत का प्रथम कालीन पार्क होगा। दौसा जिले में कालीन पार्क स्थापित किये जाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग 11 से लगभग 5 किमी पर स्थित ग्राम भाण्डारेज में 132 एकड भूमि आवंटित की गई है। कार्पेट

पार्क में लघु स्तर की 16 इकाईयां, मध्यम स्तर की 9 एवं वृहद स्तर की 5 इकाइयां कुल 30 इकाईयां स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। प्रोजेक्ट के अनुसार करीब 12500 वर्गफुट कारपेट प्रतिदिन उत्पादन किया जाना प्रस्तावित हैं वर्ष 2020 तक कालीन पार्क में कुशल एवं अर्द्धकुशल श्रेणी के लगभग 1 ला,ख कामगारों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार दिया जा सकेगा। इसकी परियोजना लागत 112.84 करोड रूपये है। कालीन पार्क की स्थापना से जिले की आधारभूत संचरनाओं का विकास होगा। जिससे काफी संख्या में छोटे बडे कालीन निर्माण ओद्यौगिक इकाईयों की स्थापना होगी :–

वर्ष	स्थापित इकाईयां	निवेश	रोर्जगार (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष)
2010	30	112.84 करोड	1.00 लाख
2030	65	245.00 करोड	2.16 लाख

4. ग्रामीण हाट

